आज अन्य इस कार्य में व्यस्त होने से आदेश नहीं लिखवाया जो सूची पत्रावली आदेश हेतु दिनांक 30/3/2021 को पेश हो।

30/3/2021 पत्रावली पेश हुई। पक्षकार उपस्थित। आज यह पत्रावली पालनीय हेतु प्रस्तुत की गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार नैनवा के आदेश दिनांक 23.7.2018 के विरुद्ध यह अपील अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत की गई है। प्रकरण में पूर्व में तहसीलदार नैनवा द्वारा दिनांक 28.1.2008 को निर्णय पारित किया गया था, जिसकी अपील माननीय न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त कोटा संभाग कोटा के यहां की गई थी। अति. संभागीय आयुक्त कोटा संभाग कोटा द्वारा दिनांक 23.7.2008 को निर्णय पारित कर प्रकरण तहसीलदार नैनवा को प्रति प्रेषित कर नये सिरे से निर्णय पारित करने हेतु निर्देश प्रदत्त किये गये थे। तहसीलदार नैनवा द्वारा निर्देश की पालना में अपीलाधीन आदेश दि० 23.7.2018 पारित किया गया है। उक्त आदेश राजस्व अपील प्राधिकारी 1956 की धारा 135(2) के अन्तर्गत आता है, जिसकी अपील का श्रवणाधिकार एवम् क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को नहीं है वरन् इसका श्रवणाधिकार संभागीय आयुक्त महा. कोटा संभाग कोटा को है। अतः अपील सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु वकील अपीलार्थी को लौटाई जावे। पत्रावली नम्बर ले कर हो कर फैसल शुमार हो। अधीनस्थ न्यायालय को रिकार्ड लौटाया।

अति० जिला कलक्टर